भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1745**
उत्तर दिनांक 30/07/2025 को दिया गया

## बिहार में परमाणु ऊर्जा परियोजनाएँ

1745. श्री अजय कुमार मंडल

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस मिशन के अंतर्गत बिहार में भी कोई परियोजना प्रस्तावित है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) राज्य में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र से बिहार को कितनी मात्रा में बिजली उपलब्ध होने की संभावना है और उक्त परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

## उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) हां। सरकार ने वर्ष 2047 तक नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 100 गीगावाट तक प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ एक महत्वाकांक्षी नाभिकीय ऊर्जा मिशन की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने एसएमआर एवं नई प्रगत प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के उपायों की भी घोषणा की है।

(ख) से (घ) परमाणु ऊर्जा विभाग देश में नाभिकीय विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए बिहार में संभावित स्थलों की खोज कर रहा है। परियोजना प्रस्तावों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही उत्पादित होने वाली विद्युत क्षमता और समय-सीमा का निर्धारण हो सकेगा।

*****